# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | **Monday, 21 September 2026**


# चीन के लिए तबाही! जापान ने समंदर किनारे तैनात किया घातक मिसाइल लॉन्चर, टूटेगा ड्रैगन का घमंड?

Publisher Published on 11 Jun 2025



## जापान ने टाइप-12 कोस्टल डिफेसं मिसाइल लॉन्चर किया तैनात, 1000 किमी की मारक क्षमता से समुद्री सीमा सुरक्षा को मिली नई धार।

भारत के सामरिक सहयोगी जापान ने एक ऐसा कदम उठाया है जिससे चीन की चिंता कई गुना बढ़ गई है। 8 जून को **शिजुओका प्रांत** में फूजी फायरपावर अभ्यास के दौरान जापान ने **Type-12 Coastal Defense Missile System** का प्रदर्शन किया, जिसकी मारक क्षमता **1000 किलोमीटर** तक बताई जा रही है।

**चीन के खिलाफ जापान की नई तैयारी**

चीन के साथ तनावपूर्ण रिश्तों के बीच **जापान** ने **समुद्री सुरक्षा** को मजबूत करने के लिए एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाया है। **फूजी फायरपावर अभ्यास** के दौरान पेश किया गया **टाइप-12 कोस्टल डिफेसं मिसाइल लॉन्चर** न केवल दुश्मन के युद्धपोतों को निशाना बना सकता है, बल्कि उन्हें तबाह करने की भी पूरी क्षमता रखता है।

Type-12 की खासियतें

**मारक क्षमता : लगभग 1000 किलोमीटर**

**प्रकार : भूमि-आधारित एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम**

**लक्ष्य : दुश्मन के युद्धपोत**

**तकनीक : स्टील्थ डिजाइन, आधुनिक सेसंर, मोबाइल लॉन्च व्हीकल**

## रणनीति : A2/AD (Anti-Access/Area-Denial)

यह **डिफेंस सिस्टम** विशेष रूप से समुद्री सीमाओं पर तैनात किए जाने के लिए बनाया गया है। इसमें **उन्नत रडार** से बचाव तकनीक है जिससे इसका पता लगाना मुश्किल होता है।

## बिना युद्धपोत के भी मारक क्षमता

"**Army Recognition**" की रिपोर्ट के अनुसार, यह सिस्टम बिना किसी युद्धपोत या विमान की सहायता के भी लक्ष्य तक हमला करने में सक्षम है। यह नई पीढ़ी की सैन्य तकनीक का प्रतिनिधित्व करता है।

## भारत के लिए क्या है इसका मतलब ?

**भारत** और **जापान** के मजबूत रणनीतिक रिश्तों को देखते हुए यह **डिफेंस सिस्टम इंडो-पैसिफिक क्षेत्र** में चीन की बढ़ती ताकत को संतुलित करने में मदद कर सकता है। इससे भारत को अप्रत्यक्ष सामरिक लाभ भी मिल सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.